## सार-समाचार

### मंत्री बाबूलाल खराड़ी का स्वागत

**कुशलगढ़,** (निसं)। रविवार को कैबिनेट मंत्री जनजाति और पंचायत मंत्री बाबूलाल खराड़ी उदयपुर से कुशलगढ़ पहुंचेने पर डिप्टी चौराहे पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राजस्थान के कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी का भव्य स्वागत किया गया। मंत्री बाबूलाल खराड़ी उदयपुर से कुशलगढ़ होते हुए मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले पहुंचे। मंत्री बाबूलाल खराड़ी भी महा सम्मेलन में शरीक हुए। बाबूलाल खराड़ी ने प्रेस वार्ता में बताया कि कुशलगढ़ के साथ पूरे राजस्थान का जनजाति क्षेत्र के बच्चों को अच्छी सुविधा उपलब्ध कराएंगे जिससे पढ़ने वाले बच्चे का विकास हो पढ़ लिखकर आईएस आईपीएस और आर.एस.बनें। हम जनजाति क्षेत्र की कई योजनाएं बनाएंगे जिसमें शिक्षा चिकित्सा जैसी सुविधा उपलब्ध कराएंगे जाति क्षेत्र के बच्चों का विकास हो सकेगा कई लंबे समय से जनजाति क्षेत्र के बच्चों का विकास नहीं हो पाया है जिससे हमारे राजस्थान की सरकार जनजाति क्षेत्र के विकास करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी के साथ पूर्व मंत्री धन सिंह रावत पूर्व मंत्री सुशील चोरासी भाजपा के वरिष्ठ नेता हकरु मैईडा साथ में थे। भाजपा के कार्यकर्ताओं में स्वागत करने में पूर्व संसदीय सचिव भीमाभाई डामोर कुशलगढ़ पंचायत समिति प्रधान काहनिग रावत भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष जिनेंद्र सेठिया विश्व हिंदू परिषद के भरत कुमावतनपा उपाध्यक्ष नितेश बैरागी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रेखा जोशी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र हारी भाजपा महामंत्री महावीर कोठारी आदि ने स्वागत किया

### ग्रामीणों व व्यापारियों का धरना समाप्त

**देवगढ़,** (निसं)। देवगढ़ उपखंड के कामलीघाट पर ग्रामीणों व व्यापारियों ने सर्विस रोड़ पर रेलवे फाटक खुलवाने को लेकर शुक्रवार से धरना प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों का रविवार को व्यापार मंडल संरक्षक अर्जुनलाल सालवी ने बताया की इस दौरान प्रशासन की तरफ से सी आई डी आई बी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया इसी दौरान विधायक प्रतिनिधि भाजपा नगर अध्यक्ष अमर सिंह चौहान, प्रधान प्रतिनिधि कुलदीप सिंह ताल, पुर्व प्रधान चिरंजीव लाल टांक, भाजपा के वरिष्ठ नेता केसरीमल वेद धरना स्थल पर पहुंचे व पुर्ण रुप से ग्रामीणों व व्यापार मंडल के सदस्यों को आश्वस्त किया और विधायक प्रतिनिधि ने सभी व्यापारियों से धरना प्रदर्शन को समाप्त करने को कहा और एक प्रतिनिधि मंडल तय किया गया जो आज भीम विधायक हरी सिंह के साथ उदयपुर दौरे के दौरान मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से मुलाकात करेंगे व सर्विस रोड पर बनी रेलवे फाटक को पुनः चालू करने की बात रखेंगे।

### श्रीयादे जयंती पर हुए धार्मिक आयोजन

**भीण्डर,** (निसं)। प्रजापति समाज की आराध्य देवी श्रेयादे जन्म महोत्सव रविवार को भींडर स्थित श्रीयादे भक्त पहलाद मंदिर परिसर में मनाया गया। प्रजापति समाज चोकला अध्यक्ष भभूत प्रजापति कार्यक्रम अध्यक्ष कैलाश जाजपुरा के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान एवं भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। पूर्णाहुति के बाद नगर के विभिन्न मार्गो से जुलूस निकाला गया जिसका जगह-जगह पर समाज जनों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। जुलूस में डीजे की थाप पर युवक एवं युवतिया थिरकते नजर आए। सचिव तुलसीराम प्रजापति ने बताया कि सुबह पूर्णाहुति के साथ भगवान का अभिषेक किया गया माता का जुलूस नगर के विभिन्न भागों से होता हुआ पुष्प वर्षा के साथ मंदिर परिसर पर आया जहां महाप्रसादी का आयोजन किया गया इस अवसर पर समाजनों ने सरकार से श्रीयादे जयंती पर राजकीय अवकाश की मांग की।

### मिड डे मील का किया निरीक्षण

**कपासन,** (निसं)। नगर के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बुद्धाखेड़ा में उपखंड अधिकारी अर्चना बुगालिया ने मिड डे मील का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम अर्चना बुगालिया ने विद्यार्थियों के साथ बैठकर भोजन किया एवं भोजन की गुणवता परखी और बाल गोपाल योजना व एमडीएम रिकॉर्ड का अवलोकन किया। साथ ही विद्यालय परिसर का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। इस दौरान संस्था प्रधान कैलाश चंद्र कुमावत, उपखंड कार्यालय के रतनलाल प्रजापत,शंकर सिंह राणावत, शारीरिक शिक्षक उज्जवल दाधीच ,सुशीला गौड़, शकुंतला वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### उपमुख्यमंत्री दिया उदयपुर पहुंची

**उदयपुर,** (निसं)। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी रविवार देर शाम उदयपुर पहुंची। अतिरिक्त मुख्य सचिव पीडब्ल्यूडी संदीप वर्मा, जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल, एडीएम सिटी राजीव द्विवेदी, प्रोटोकॉल ऑफिसर नीलम लखारा एवं उपनिदेशक पर्यटन शिखा सक्सेना सहित सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उप मुख्यमंत्री सोमवार को डबोक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं केंद्रीय सडक एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के आतिथ्य में प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग प्रोजेक्टस् के शिलान्यास-लोकार्पण समारोह में बतौर अतिथि भाग लेंगी।

# प्रमुख शासन सचिव ने किया विभिन्न पर्यटन स्थलों का दौरा

**उदयपुर,** (कासं)। पर्यटन, कला व संस्कृति विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड ने अपनी उदयपुर यात्रा के दूसरे दिन शनिवार को शहर के विभिन्न पर्यटन स्थलों का दौरा कर यहां चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने जगदीश मंदिर जीर्णोद्धार कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए वहीं कई दर्शनीय स्थल होने से गुलाब बाग को टूरिस्ट हब के रुप में प्रचारित करने के विचार पर भी चर्चा की। उन्होने मूक बधिर विद्यालय के पूर्व छात्र सम्मेलन में भी अतिथि के रूप में भाग लिया।

पर्यटन विभाग की उप निदेशक शिखा सक्सेना ने बताया कि प्रमुख

■ **गुलाब बाग को टूरिस्ट हब बनाने पर हुई चर्चा, मूक-बधिर बच्चों का बढ़ाया हौसला**

शासन सचिव जगदीश मंदिर पहुंची जहां पर 70 लाख की लागत से चल रहे जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण किया। यहां पर मंदिर शिखर से पेड हटाकर उनकी जडों का उन्मूलन, संगमरमर की सफाई, दरारें भरना, पत्थरों पर रासायनिक परत चढाना, सीसीटीवी कैमरे, टफन ग्लास, आयरन रेलिंग आदि कार्य किये जा रहे हैं। राठौड ने इसी माह सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर उनके साथ पुरातत्व व संग्रहालय विभाग के वृत्त अधीक्षक सोहनलाल शर्मा, सहायक अभियंता अनिल मित्तल, देवस्थान विभाग के अधिकारी व मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित थे।सक्सेना ने बताया कि राठौड ने गुलाब बाग स्थित बर्ड पार्ट का निरीक्षण भी किया। पार्क के विकास के लिए पर्यटन विभाग ने 8 करोड रुपए दिए हैं। राठौड ने यहां पर लाये गए पक्षियों की प्रजातियों के बारे में जानकारी ली और विभिन्न प्रजाति के पक्षियों को यहां रखने के निर्देश दिए। गुलाब बाग के अंदर अवस्थित नवलखा महल सांस्कृतिक केंद्र का अवलोकन भी किया। यह भवन कभी महाराणा सज्जन सिंह का अतिथिगृह था। प्रसिद्ध समाज सुधारक महर्षि दयानंद सरस्वती ने अपने विख्यात ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश की रचना यहीं पर की थी। वर्तमान में इसे श्रीमद् दयानंद सत्यार्थ प्रकाश न्यास ने एक सुंदर सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित किया है। राठौड ने इसे नई पीढ़ी को संस्कृति दिशाबोध देने वाला केंद्र बताया और प्रशंसा की। सत्यार्थ प्रकाश न्यास पर न्यास के अध्यक्ष अशोक आर्य ने स्वागत किया। इस दौरान विनोद राठौड, रविंद्र राठौड़ और न्यास के सहयोगी उपस्थित थे। गुलाब बाग अपने आप में दर्शनीय स्थल है वहीं यहां पर बर्ड पार्क, बच्चों की ट्रेन, नवलखा महल, सरस्वती लाइब्रेरी जैसे स्थान पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहते हैं।

उदयपुर में प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने गुलाबबाग पर्यटन स्थल का दौरा कर जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण किया।

### सीएम का यात्रा कार्यक्रम जारी

**उदयपुर,** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 12 फरवरी सोमवार को प्रस्तावित उदयपुर प्रवास को लेकर विस्तृत यात्रा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

इस अवसर पर जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री सोमवार सुबह 11.15 बजे जयपुर से वायुयान से रवाना होकर 12.15 बजे डबोक एयरपोर्ट उदयपुर पहुंचेंगे। डबोक एयरपोर्ट के समीप ही 12.20 बजे से 12.40 बजे तक राष्ट्रीय राजमार्ग प्रोजेक्टस के शिलान्यास-लोकार्पण कार्यक्रम में भाग लेंगे। दोपहर 12.45 बजे वहां से प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे सर पदमपत सिंघानिया विश्वविद्यालय पहुंच कर जनसभा को संबोधित करेंगे।

वहां से 2.050 बजे रवाना होकर रूपीस रिसोर्ट डबोक आएंगे। यहां 3.30 बजे तक स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेकर एयरपोर्ट के रवाना होंगे। अपराह्न 3.40 बजे डबोक एयरपोर्ट पहुंच कर वहां से वायुयान द्वारा जयपुर के लिए रवाना होंगे।

# बेसिक लाइफ सपोर्ट पाठ्यक्रम पर वर्कशॉप का आयोजन

**उदयपुर,** (कासं)। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल के बाल एवं शिशु रोग विभाग की ओर से एक दिवसीय बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) पाठ्यक्रम पर वर्कशॉप का आयोजन किया।

उद्घाटन अस्पताल के कार्यकारी निदेशक अमन अग्रवाल,सीईओ शरद कोठारी, प्रिसिंपल डॉ.एम.एम मंगल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ.आर.के.सिंह, बाल एवं शिशु रोग विभाग के डॉ.सुधीर मावडिया और आई.ए.पी उदयपुर के अध्यक्ष डॉ.भूपेश जैन ने माँ सरस्वती की समक्ष दीप-प्रज्जवलन करके किया। वर्कशॉप के कॉर्डिनेटर पिडियाट्रिक क्रिटिकल केयर इन्टेसिविस्ट डॉ. पुनीत जैन ने बताया कि यह शैक्षिक पहल बाल चिकित्सा आपातकालीन देखभाल कौशल को बढाने के लिए सम्मानित प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। वर्कशॉप का उद्देश्य चिकित्सा विशेषज्ञता और रोगी देखभाल के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करना। पाठयक्रम में बच्चों की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप बाल चिकित्सा पुनर्जीवन तकनीक, सीपीआर प्रोटोकॉल व आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रक्रियाओं सहित आवश्यक विषयों को शामिल किया । प्रतिभागियों ने पाठ्यक्रम की व्यापक प्रकृति और प्रशिक्षकों की विशेषज्ञता की सराहना की साथ ही व्यावहारिक अंतर्दृष्टि पर प्रकाश डाला जो चिकित्सकों के नैदानिक अभ्यास पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा। वर्कशॉप को सफल बनाने मे डॉ. सनी मालवीय,डॉ.पलक जैन एवं डॉ. स्वरूप सिंह की टीम का सहयोग रहा।

बेसिक लाइफ सपोर्ट पाठ्यक्रम पर वर्कशॉप का आयोजन हुआ।

# तांत्रिक ने जेवरात व नकदी हड़पी

**उदयपुर,** (कासं)। घरेलू समस्या का समाधान करने का झांसा देकर पीडितों के जेवरात एवं नकदी की ठगी करने वाले तांत्रिक व पत्नी के खिलाफ हिरणमगरी थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता कमला पत्नी कैलाश चन्द्र लौहार ज्योति नगर सेक्टर 4 ने आरोपी रिया सालवी व रूपयेश सालवी के खिलाफ पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मैं कपडे सिलाई करने का काम करती हूं। मेरी पुत्री खुशबू के जरिये रिया उर्फ रानू व रूपेश पुत्र गुलाब सुथार से संपर्क हुआ। एक दिन दोनों कपड़े सिलवाने के लिए आए थे।`इस दौरान मेरे पुत्र प्रकाश के खुजली की बिमारी होने की बात कहने पर आरोपी रिया ने पति द्वारा तांत्रकि विद्या से ठीक करने की बात कही। इसके लिए तांत्रितक विद्या करने की बात कही। 18 नवंबर 2023 को घर आए आरोपियों ने एक मटकी मंगवाई तथा मेरे सभी सोने के जेवरात मांगे। इस पर मैने करीब 25 तोला सोने के जेवरात दिए। जिसे आरोपी ने मटकी मे रखने का झांसा देकर अपने पास रख लिए तथा मटकी का मुंह बंध कर सवा महिने बाद खोलने की बात कहते हुए चले गए। गत दिनों पुत्री को इसका पता चलने पर मटकी खोल कर देखा तो उसमें जेवरात नहीं थे। इसी तरह एक अन्य मामले में पीडित सर्वोत्तम काम्प्लेकस वैशाली अपार्टमेंट सेक्टर 4 निवासी विरेन्द्र सालवी ने रिया व उसके पति रूपेश के खिलाफ हिरणमगरी पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। पीडित ने बताया कि मेरे मित्र ने आरोपी से मुझसे संपर्क करवाया था। जिसके चलते दोनों में परिचय होने से आरोपी का घर आना जाना शुरू हो गया। कभी कबार मेरी अनुपस्थिति में घर आए आरोपी ने मेरी मां विमला देवी को घरेलू समस्या का समाधान तंत्र विद्या से करने की आरोपी ने जानकारी दी।

## सार-समाचार

### शाबान की चांदरात पर उमड़े जायरीन

**कपासन,** (निसं)। प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ पर रविवार को शाबान की चांदरात पर जायरीने दीवाना उमड़े। दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी के अनुसार शाबान की चाँदरात पर रविवार प्रातः काल से ही आशिके दीवाना व जायरीने दीवाना की आवक शुरू हो गई। आस्ताना ए आलिया के मुख्य मज़ार पर फूल, ईत्र, चादर पेश करने के लिए बुलन्द दरवाजा तक लम्बी-लम्बी लाईने लगी। आहता ए नूर मे महफिले मिलाद हुवी। कव्वाल हज़रात ने बारी-बारी से अपने कलाम पेश किए। कव्वालो को ईनाम देने के लिए होड लगी रही। मेला ठाउण्ड मे 350 से उपर अस्थाई दुकाने लगी। दुकानो पर खरीदारो की भारी भीड़ लगी रही। मिन्नत के धागे बाँधने व मिन्नत उतारने के लिए अपने बच्चो को गुड, खोपरा, सुखा मेवा, फल-फ्रुट से तोलने का सिलसिला दिनभर चलता रहा। औलिया मस्जिद, आयशा मस्जिद मे हजारो नमाजियो ने नमाज अदा की। फूल वालो की दुकानो पर फूल, चादर, ईत्र खरीदने वालो की भीड रही। सांयकाल चाँद दिखाई देने से पूर्व चिराग, बत्ती के समय लोबान के साथ अर्जिया पेश कर मुल्क मे अमनो सुकून व जायरीने दीवाना की हर परेशानी दूर करने के लिए दुआ की गई तो पूरा दरगाह परिसर आमीन-आमीन की सदाओं से गूंज उठा। चाँद देखते ही लोग एक-दुसरे को गले मिलकर मुबारकबाद देते नजर आए।

### पत्थर से कुचलकर पत्नी की हत्या

**डूंगरपुर,** (निसं)। ओबरी थाना क्षेत्र के सुरमना नई बस्ती में पति ने आपसी झगडे के बाद अपनी पत्नी की हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। वारदात की सूचना मिलने के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड जमा हो गई। सूचना मिलने पर ओबरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी पति की तलाश शुरू कर दी है।सागवाडा डिप्टी विक्रम सिंह ने बताया कि ओबरी थाना इलाके के नई बस्ती में डायालाल कनिपा और उसकी पत्नी सीता डामोर रहते हैं। शनिवार रात के समय पति और पत्नी दोनों ने शराब पी थी। शराब के नशे में दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगडा हो गया। दोनों के बीच झगडा इतना बढ गया कि पति गुस्से में आ गया। इस दौरान पति डायालाल ने अपनी पत्नी सीता पर कई बार पत्थरों से वार किया। जिससे पत्नी लहूलुहान होकर गिर गई। पत्थरों की चोट से पत्नी सीता की मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी पति डायालाल मौके से फरार हो गया। रविवार सुबह घटना का पता लगने पर सनसनी फैल गई। गांव के लोग इकट्ठे हो गए। सूचना पर ओबरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल के आसपास का जायजा लिया। सूचना पर सागवाडा डिप्टी विक्रम सिंह भी मौके पर पहुंचे। बांसवाडा से एसएफएल की टीम को बुलाया गया। एफएसएल की ओर से मौके से हत्या को लेकर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। ओबरी थाना पुलिस घटना को लेकर जांच में जुट गई है। आरोपी पति डायालाल की तलाश की जा रही है।

### युवक ने फांसी लगाई

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के अम्बामाता थाना क्षैत्र में युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिचावेड़ा डबोक हॉल पुला अम्बामाता निवासी लक्ष्मीलाल पुत्र रामलाल नाई ने अपने मकान मेंपफांसी लगा आत्महत्या कर ली। लक्ष्मीलाल फतहपुरा पर हेयर कंटिंग का काम करता था। शनिवार को पत्नी सब्जि लेने भेज दिया। कुछ समय बाद लौटने पर कमरने का किवाड़ बंद था इस पर कमरें में देखा तो पति फंदे पर लटका हुआ था। इस पर मकान मालिक व पड़ोसियों की मदद से कमरे में घुस कर किवाड़ खोल पति को फंदे से उतार एमबी चिक्तिसालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल रमाशंकर ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौप दिया। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### हादसे में युवक की मौत

**उदयपुर,** (कासं)। परसाद थाना क्षेत्र में हुए सडक हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार रात में परसाद थानाक्षैत्र घाटी फला परसाद निवासी अनिल पुत्र नानालाल की सडक हादसे में मौत हो गई। शनिवार को अनिल बाइक पर अपने घर से चणावदा रहने वाली बहन के घर जा रहा था। जहां बीच रास्ते अज्ञात बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे अनिल गंभीर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सीएससी परसाद पहुंचाया। जहां से रेफर करने पर एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई।

### वृद्ध ने की आत्महत्या

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के सविना थाना क्षैत्र मे वृद्ध ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार रात में सविना थाना क्षैत्र ए ब्लॉक सेक्टर 14 निवासी संजय फिल्ड (54) पुत्र बावर्लीग फील्ड ने शनिवार रात में अपने मकान में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। संजय केसर रोग से पीडित था। जिससे परेशान होने से उसने आत्महत्या कर ली।

# दिव्यांग व निर्धन सामूहिक विवाह में 51 जोड़े बने हमसफर

**उदयपुर,** (कासं)। नारायण सेवा संस्थान द्वारा रविवार को आयोजित 41वें निःशुल्क दिव्यांग व निर्धन सामूहिक विवाह में 51 जोडे परस्पर सात वचनों को लेकर जनम - जनम के बंधन में बंध गए।

इनमें 25 जोडे सकलांग थे जबकि 26 जोडे ऐसे थे जो बैसाखी या किसी और के सहारे बिना उठ नहीं पाते, चल नहीं पाते अथवा देख नहीं पाते। इनमें अधिकतर वर- वधु ऐसे थे जो संस्थान से आर्टिफिशियल लिम्ब और आत्मनिर्भरता का कोर्स यही से पाया। इस दौरान उन्होंने अपने अनुभव भी साझा किये। सोहन चड्ढा-अमेरिका, भरतभाई सोलंकी- इंग्लैंड, कुसुम गुप्ता- दिल्ली सहित देश भर से बडी संख्या में आए अतिथियों की मौजूदगी में सजे-धजे विशाल हाडा सभागार में नाते-रिश्तेदारों, मित्रों, कन्यादानियों और साधक -साधिकाओं ने जोडो पर असीम स्नेह लुटाते हुए इन लम्हों को और भी भावुक व यादगार बना दिया। संस्थान संस्थापक पद्मश्री अंलकृत कैलाश मानव सह संस्थापिका कमला देवी, अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, निदेशक वंदना अग्रवाल व पलक अग्रवाल द्वारा गणपति पूजन के पश्चात प्रातः 11 बजे शुभ मुहूर्त में दूल्हों ने क्रमवार परम्परागत तोरण की रस्म का निर्वाह किया। इसके बाद पाण्डाल में गाते-झूमते अतिथियों के बीच जोडों ने संस्थान अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल व निदेशक वंदना अग्रवाल के सहयोग से स्टेज पर वरमाला डाली। इस दौरान उन पर पुष्प वर्षा की झडी लग गई। विवाह स्थल पर आतिशबाजी हुई। इसके बाद मुख्य आचार्य के निर्देशन में 51 पण्डितों ने अलग- अलग अग्निकुण्डों पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पाणिग्रहण संस्कार की विधि सम्पन्न करवाई। इस दौरान प्रत्येक वेदी पर वर-वधू के माता-पिता, कन्यादानी व साधक-साधिकाएं उपस्थित थे। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने अतिथियों व वर-वधुओं के परिजनों का स्वागत करते हुए कहा कि जब जीवन की दशा और दिशा बदलने वाला कोई सुनहरा सपना होता है तो उसकी खुशी को बयां करना आसान नहीं होता। वहीं मंजर आज यहां दिख रहा है। उन्होंने बताया कि संस्थान पिछले 40 विवाहों में विभिन्न राज्यों के 2300० से अधिक जाड़ों की गृहस्थी बसाने में योगदान कर खुशी महसूस करता है। विवाह विधि संपन्न होने पर नव-युगल को नवगृहस्थी के लिए सामान एवं उपहार स्वरूप आभूषण प्रदान किए गए। जिसमें मंगलसूत्र, चूडी, लोंग, कर्णफूल, अंगूठी, रजत पायल, बिछिया आदि शामिल थे जब कि गृहस्थी के सामान में चूल्हा,बिस्तर, अलमारी, संदूक, बर्तन,पानी की टंकी सहित आवश्यक सामग्री दी गई। विदाई के वक्त कन्याएं नम आँखों से विदा हुई। नवविवाहित बेटियों की दोपहर 3 बजे डोली में विदाई हुई तथा संस्थान के वाहनों से उनके शहर/गांव तक पहुंचाया गया। उल्लेखनीय हैं कि इस सामूहिक विवाह में दोनों पैरों से दिव्यांग बांसवाडा के मनीलाल ने निर्धन रसीला डामोर से, उदयपुर के एक हाथ से अपाहिज हीरालाल ने शांति कुमारी से, हमीराराम एक पैर से दिव्यांग ने निर्धन कुकली कुमारी और दोनों पैर से दिव्यांग सोमाराम ने संस्थान से आर्टिफिशियल लिंब प्राप्त करने वाली संगीता का हाथ थामा।

नारायण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क दिव्यांग व निर्धन सामूहिक विवाह आयोजित हुआ।

### रक्तदान शिविर आयोजित

**बांसवाड़ा,** (निसं)। सपना फाउंडेशन की ओर से पारुंडी गांव में हितेश चंद्र भट्ट की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर में 35 रक्तवीरो ने रक्तदान किया। शिविर में मधु देवी ने अपने पति की स्मृति में केशदान व रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ हितेश चंद्र एवं स्व. सपना की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। अध्यक्षता विनोद भट्ट ने की जबकि मुख्य अतिथि समाजसेवी देवेंद्र त्रिवेदी पालोदा व विशिष्ट अतिथि प्रकाश जैन बोहरा लोहारिया, सरपंच प्रतिनिधि यशवंत रेटूआ, फतह सिंह सोलंकी, हेमप्रकाश पंड्या, कैलाश शर्मा लोहारिया थाना, देवीलाल कलाल रहे। शिविर में स्व. भट्ट की धर्मपत्नी मधु देवी, भाभी करुणा देवी भट्ट, भतीजे पार्थ भट्ट ने पहली बार, आदित्य भट्ट ने चौथी बार रक्तदान किया। साथ ही हल्दी रस्म से आकर विशाल नाई ने चौथी बार रक्तदान किया वहीं कन्हैयालाल पंचाल, सोहम पंचाल, विवेक पंचाल, रेखा उपाध्याय, कमलेश मकवाना, रमेश बारिया, गजेंद्र नाई, महेंद्र निनामा, हिमांशु पण्ड्या, कल्पेश डोडियार, रजनीकांत पण्ड्या, रौशन जैन, नितिन जैन, निलेश नाई ने तीसरी बार, मनोज नाई, अशोक टेलर ने भी रक्तदान किया। शिविर में सपना फाउंडेशन उपाध्यक्ष शंकर गहलोत, जीवप्रेमी संस्थान संस्थापक प्रेम सेवक, रामप्रसाद बुझ, राजेन्द्र यादव, दीपक यादव एवं सपना फाउंडेशन के रक्तयोद्धा व रक्त संग्रहण में महात्मा गांधी ब्लड बैंक से नरेंद्र बघेल, संकेत भावसार, राजेंद्र सिंह, मोहन त्रिवेदी आदि ने सहयोग दिया।

# खैरवाड़ा ने ऋषभदेव को 58 रन से हराकर जीता खिताब

जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता सीटीएई खेल मैदान पर सम्पन्न हुई।

**उदयपुर,** (कासं)। राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ की दो दिवसीय चतुर्थ जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन खेरवाड़ा-नयागॉव की मेजबानी में सीटीएई खेल मैदान पर सम्पन्न हुआ।

दो दिवसीय प्रतियोगिता में उदयपुर एवं सलुम्बर से ग्राम विकास अधिकारियों की 18 टीमों ने भाग लिया। फाईनल मैच खैरवाड़ा एवं ऋषभदेव के मध्य खेला गया जिसमें खैरवाड़ा ने ऋषभदेव को 58 रन से हरा कर खिताब अपने नाम किया। फाईनल में खैरवाड़ा के हितेष कलाल 98 रन बनाकर मैन आफ द मैच रहे। मैन आफ द सीरीज एवं सर्वश्रेश्ठ बल्लेबाज भी हितेष कलाल ही रहे जिन्होने प्रतियोगिता में चार अर्धषतक सहित कुल 348 रन बनाये। सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज खैरवाडा के अनिल मीणा रहे जिन्होने कुल 11 विकेट लिये। जिला कार्यकारिणी द्वारा खैरवाड़ा को विजेता एवं ऋषभदेव को उपविजेता ट्राफी प्रदान की गई एवं समस्त प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रषस्ति पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम में भाग लेते हुए जिला परिशद् सलुम्बर के अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल पहाड़िया ने ग्राम विकास अधिकारीयों को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं को जमीन स्तर पर लागु करने का कार्य ग्राम विकास अधिकारियों के द्वारा तन्मयता से किया जाता है। विभिन्न योजनाओं में निरन्तर कार्य करते रहने के कारण ग्राम विकास अधिकारी मानसिक रूप से काफी दबाव में रहते है जिसे कम करने हेतु ऐसे आयोजन निरन्तर होते रहने चाहिये जिससे सभी तरोताजा महसूस कर सके। जिला अध्यक्ष शंकर कुम्हार ने जानकारी दी कि अगली प्रतियोगिता सलुम्बर की मेजबानी में होगी।

कार्यक्रम में प्रदेश आईटी प्रभारी कमलेश सेन, जिला मंत्री हरिश सुथार, उपाध्यक्ष दुर्जानसिंह एवं बगदीलाल रेगर, कोषाध्यक्ष मुकेष जैन, संयुक्त मंत्री दिनेष कटारा एवं दिलीप मीणा, जीवतराम मीणा, संगठन मंत्री केसरसिंह राठौड़, खैरवाड़ा अध्यक्ष मणीलाल मीणा, नयागॉव अध्यक्ष भँवरलाल डामोर, लोकेश पंचोली सहित जिलेभर के समस्त ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे।